
Dabang Dunia (Indore), 03rd August 2024, Page- 02

# आईआईटी में नौकरी नहीं मिली तो बम से उड़ाने की दी धमकी

## पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दबंग दुनिया • इंदौर**

आईआईटी सिमरोल को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम चेतन सोनी और वह उज्जैन जिले के बड़नगर का निवासी बताया गया है।

बताया जाता है कि आरोपित ने नौकरी नहीं मिलने से परेशान होकर इस तरह का मेल कर दिया था। ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने बताया कि आरोपी ने नौकरी नहीं मिलने पर आईआईटी इंदौर में बम रखने और संस?थान को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल किया था। पुलिस के अनुसार आरोपित ने एमसीए किया है। उसने किसी कंपनी में नौकरी के लिए आवेदन किया था, लेकिन उसके हाथ निराशा लगी। इसके बाद उसने एक फर्जी आईडी बनाई और बम ब्लास्ट की धमकी भरा ई-मेल कर दिया। केवल दहशत फैलाने के उद्देश्य से ही युवक ने ऐसा किया था। उल्लेखनीय है कि गत 17 जुलाई को सिमरोल स्थित आईआईटी को 15 अगस्त को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल भेजा गया था। इसके बाद पुलिस अधिकारी और साइबर टीम इस मामले की जांच में जुटी थी। यह भी पता चला है कि युवक ने वर्ष 2022 में आईआईटी में नौकरी के लिए आवेदन भेजा था। बाद में जब आरोपित को पुलिस ने मीडिया के सामने पेश किया तो उसने बताया कि नौकरी में भेदभाव होता है। इससे वह खिन?न था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने केवल दहशत फैलाने के उद्देश्य से ऐसा किया था। भेजे गए मेल में खुद को पाकिस्तान का आईएसआई एजेंट बताते हुए धमकी दी गई थी।